सं.1-1/2026-संस्कृत.II

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

दिनांक 25th मई, 2026

विज्ञापन सं.01/2026

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति की नियुक्ति

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शैक्षणिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के कारण कुलपति से निम्नलिखित अपेक्षाएं की जाती है:

i. संस्कृत और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विद्वान और उसकी अहर्ताएं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) के तहत बनाए गए विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट अहर्ताएं होंगी।

ii. इस विज्ञापन में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथिपर 65 वर्ष की आयु से अधिक का नहीं होना वांछनीय।

iii. सर्वोच्चस्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्था के प्रति प्रतिबद्धता संपन्न व्यक्ति।

iv. एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, जिसे विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष या प्रतिष्ठित अनुसंधान और/ या शैक्षणिक संगठन में प्रशासनिक नेतृत्व का प्रदर्शन करने के प्रमाण के साथ 10 वर्ष का अनुभव हो।

वेतन और सेवा शर्तें:

- पद पर प्रतिमाह वेतन 2,10,000/- रुपये (नियत) और 11,250/- रुपये का विशेष भत्ता और अन्य सामान्य भत्ते देय होगा।

- सेवाओं के अन्य नियम और शर्तें, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 और विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेश में निर्धारित के अनुसार होंगी।

<u>नियुक्ति की प्रक्रिया:</u>

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयन समिति द्वारा अनुशंसित तीन नामों के पैनल से नियुक्ति की जाएगी।

<u>आवेदन जमा करना:</u>

- विज्ञापन वेबसाइट https://www.education.gov.in और https://www.sanskrit.nic.in/ पर उपलब्ध है।
- उम्मीदवारों को नीचे दिए गए लिंक के अनुसार शिक्षा मंत्रालय के समर्थ पोर्टल पर **"केवल ऑनलाइन आवेदन"** करना होगा:

https://vcrec.samarth.ac.in/index.php/

- मंत्रालय किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने में विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
- जो व्यक्ति पहले से ही सेवारत हैं, उन्हें उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए और अपने संस्थान/विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा दिया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र/सतर्कता निकासी रिपोर्ट के साथ अपने नियोक्ता के माध्यम से अपना आवेदन जमा करना चाहिए।
- अपूर्ण आवेदनों /आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
- उपरोक्त लिंक दिनांक **1 जून, 2026, 10:00 बजे से दिनांक 30 जून, 2026, 17:00 बजे तक** सक्रिय रहेगा।

25/05/2026

(डॉ. सौम्य रंजन)
उप सचिव, भारत सरकार
टेलीफोन नंबर: 23070182